पंजीकृत

प्रेषक

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

हरियाणा राज्य के सभी
राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों के
प्राचार्य/प्रधान, प्रबंधक समिति।

यादी क्रमांक 03/3–2001 सी–4 (4)
दिनांक, पंचकूला 07/04/2023

विषयः **राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव में विभागीय नोमिनी भेजने बारे।**

*****

उपरोक्त विषय पर निदेशालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3/3–2008 सी–IV (4) दिनांक 25.11.2008 की निरंतरता में।

विषयांकित मामले में यह देखने में आया है कि राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव विभाग द्वारा प्रेक्षक/आब्जर्वर की अनुपस्थिति में करवा लिए जाते हैं, जोकि उचित नहीं है। इस तथ्य को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव में सरकार द्वारा नियुक्त आब्जर्वर/नोमिनी का होना आवश्यक है तथा राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समिति के चुनाव हेतु विभाग द्वारा निम्न हिदायतों का पालन करने बारे भी पुनः निर्देश दिए जाते हैं :–

1. प्रबंधक समिति के चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न हों।
2. प्रबंधक समिति के चुनाव के समय यदि कोई कार्यवाही नियमों/हिदायतों के विरूद्ध प्रतीत हो तो उसकी सूचना/रिपोर्ट तुरंत निदेशक, उच्चतर शिक्षा महोदय को भेजें।
3. राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव बिना विभागीय आब्जर्वर/नोमिनी की उपस्थिति के Valid नहीं माना जायेगा।
4. राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव उपरांत चुनाव की Proceeding की प्रति जोकि विभागीय तथा विश्वविद्यालय के आब्जर्वर द्वारा हस्ताक्षरित हो निदेशालय में 07 दिन के अन्दर–अन्दर भिजवाना सुनिश्चित करें।
5. यदि किसी महत्वपूर्ण मामले में मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो निदेशालय के सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।
6. राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव हेतु विभागीय आब्जर्वर/नोमिनी नियुक्त करने के लिए विभाग को कम से कम 15 दिन पहले सूचित करना सुनिश्चित करें।

कृपया उपरोक्त हिदायतों की दृढ़ता से पालना की जाए।

सहायक निदेशक महाविद्यालय–IV
O/C कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।

पृ0 क्र0: सम दिनांक, पंचकूलाः 07/04/2023

उपरोक्त की एक प्रति प्राचार्य, हरियाणा राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों को प्रेषित करते हुए सूचित किया जाता है वह राजकीय सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों की प्रबंधक समितियों के चुनाव में

भाग लेने पश्चात चुनाव की-Proceeding अपनी टिप्पणी सहित एक सप्ताह के भीतर निदेशालय को भेजना सुनिश्चित करें।

सहायक निदेशक महाविद्यालय–IV
O/C कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।

पृ0 क्र0: सम

दिनांक, पंचकूलाः 07/04/2023

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. रजिस्ट्रार, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र।
2. रजिस्ट्रार, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक।
3. रजिस्ट्रार, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा।
4. रजिस्ट्रार, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत)।
5. रजिस्ट्रार, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (रिवाड़ी)।
6. रजिस्ट्रार, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द।
7. रजिस्ट्रार, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी।
8. रजिस्ट्रार, गुरूग्राम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम।
9. रजिस्ट्रार, महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल।

सहायक निदेशक महाविद्यालय–IV
O/C कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।